अनुक्रमांक ..................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2020
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** घर्षण बल निर्भर करता है— **(1)**

(A) सतह की प्रकृति पर (B) क्षेत्रफल पर

(C) आयतन पर (D) उपर्युक्त सभी पर

**2.** एस.आई. पद्धति में बल का मात्रक है— **(1)**

(A) न्यूटन/मीटर 2 (B) मीटर/सेकण्ड

(C) किग्रा-मीटर/सेकण्ड 2 (D) जूल/सेकण्ड

**3.** बर्तन बनाने वाले कुम्हार के चाक की गति है— **(1)**

(A) दोलन गति (B) सरल रेखीय गति

(C) घूर्णन गति (D) वृत्तीय गति

**4.** नर तथा मादा-युग्मक के युग्मन (संयोग) की क्रिया को कहते हैं— **(1)**

(A) परागण (B) निषेचन

(C) जनन (D) बीज निर्माण

**5.** निम्नलिखित में से कौन सजीव है? **(1)**

(A) मोटर (B) रेलगाड़ी

(C) केंचुआ (D) साइकिल

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** द्विलिंगी पुष्प किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए। **(1)**

**7.** वर्धी प्रजनन (कायिक प्रवर्धन) किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए। **(1)**

**8.** दोलन गति किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए। **(1)**

**9.** पेशीय बल किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए। **(1)**

**10.** पदार्थ की तीनों भौतिक अवस्थाओं का उल्लेख कीजिए। प्रत्येक का एक-एक उदाहरण दीजिए। **(1)**

**11.** अनुकूलन किसे कहते हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** सजीव तथा निर्जीव में अन्तर लिखिए। **(2)**

**13.** पर-परागण तथा स्वपरागण से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। **(2)**

**14.** मिश्रण कितने प्रकार का होता है? संक्षेप में लिखिए। **(2)**

**15.** 20 मीटर/सेकण्ड की चाल से चलने वाली वस्तु 120 मीटर की दूरी कितने समय में तय करेगी? **(2)**

**16.** न्यूटन के गतिविषयक प्रथम नियम (जड़त्व का नियम) को उदाहरण सहित लिखिए। **(2)**

**17.** घर्षण बल क्या है? दैनिक जीवन में इसका उपयोग लिखिए। **(2)**

**18.** अलैंगिक जनन से आप क्या समझते हैं? पौधों की अलैंगिक जनन की विधियाँ लिखिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/vigyan/2020

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/vigyan/

---

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN